**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**15 जून 2025, समय 1810**

**मुख्य समाचार :-**

- **गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यों के राहत आयुक्तों से कहा है कि अगले 90 दिन के भीतर प्रत्येक जिले के लिए जिला आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने को कहा ।**
- **केंद्र सरकार ने जनगणना कराये जाने की अधिसूचना जारी कर दी है।**
- **पंचकूला में आयोजित किया गया सर्व भारतीय महापौर परिषद सम्मेलन सम्पन्न हुआ । सम्मलेन में स्वच्छता के लिए जनभागीदारी पर जोर दिया गया।**
- **मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार सिंचाई एवं जल □ांचे को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठा रही है।**
- **मौसम विभाग ने 20 जून तक मौसम के परिवर्तनशील रहने और कुछेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है ।**

**************************************************************

गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यों के राहत आयुक्तों से कहा है कि अगले 90 दिन के भीतर प्रत्येक जिले के लिए जिला आपदा प्रबंधन योजना तैयार करें। आज नई दिल्ली में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा मोचन बलों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि आपदाओं से निपटने के लिए जरूरी है कि जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन योजना तैयार की जाए।गृहमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते वैश्विक तापमान ने दुनिया को आपदाओं के बारे में चिंतित कर दिया है

***पर्यावरण के संरक्षण के बगैर शत-प्रतिशत आपदा से बचना असंभव है। अगर हम पर्यावरण की चिंता नहीं करेंगे तो आपदाओं को रोक नहीं पाएंगे। हम आपदा से बचाव की योजना बना रहे हैं साथ में आपदा ही ना आए ऐसी योजना भी बनाने के लिए आगे बढ़ना पडेगा और मैं मानता हूं कि हर राज्य के राहत कमिश्नर ने इसके लिए भी अपने राज्य का एक कार्यक्रम कम से कम तैयार करवाना चाहिए जिससे आपदा आए ही नहीं।***

श्री शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और आपदा रोधी ढांचे की मजबूती से भारत आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनने जा रहा है।

*************************************************************************

केंद्र सरकार ने जनगणना कराये जाने की अधिसूचना जारी कर दी है। गृह मंत्रालय द्वारा आज जारी की गई अधिसूचना में कहा गया है कि लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जनगणना पहली अक्टूबर 2026 से कराई जाएगी। एक रिपोर्ट......

***जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण में प्रत्येक परिवार की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं के बारे में जानकारी एकत्र की जाएगी। वहीं दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य जानकारी एकत्र की जाएगी। इसके अलावा इस बार जनगणना में जाति जनगणना भी की जाएगी। जनगणना कार्य के लिए लगभग 34 लाख प्रगणक और पर्यवेक्षक तथा लगभग एक लाख तीस हजार जनगणना पदाधिकारी तैनात किए जाएंगे। ये जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। संग्रहण, प्रेषण और भंडारण के समय डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े डेटा सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे। यह जनगणना प्रक्रिया शुरू होने के बाद से 16वीं जनगणना है और स्वतंत्रता के बाद आठवीं जनगणना है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

*************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रयासों से आज योग को अपनाकर लोग रोग मुक्त हो रहे हैं। सी आई डी से ख्याति प्राप्त टी वी कलाकार शिवाजी सातम ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के इस बार के थीम का जिक्र करते हुए बताया –

*************************************************************************

फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में आज केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्मित पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर बल्लभगढ़ से विधायक मूलचंद शर्मा, एनआईटी फरीदाबाद से विधायक श्रीमती सतीश फोगाट, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह में सभी नेताओं ने पार्टी की एकजुटता, सेवा-भाव और संगठनात्मक मजबूती पर बल दिया। केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि यह कार्यालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि जनसेवा, संगठनात्मक तालमेल और कार्यकर्ताओं के लिए ऊर्जा का केंद्र होगा।

**********************************************************************
ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर प्रकाश जोशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में यह तय किया गया कि वर्ष 2025 संगठन सृजन अभियान के तौर पर मनाया जाए। पार्टी द्वारा संगठन को मजबूत करने के लिए इस अभियान की शुरूआत की गई है।वो कांग्रेस संगठन के गठन को लेकर आज पलवल में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सचिव जितेंद्र बघेलके साथ मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि संगठन सृजन के माध्यम से ऐसी जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को नेतृत्व दिया जाएगा जो लोग अपने आप को संगठन के लिए समर्पित रखते है।

**********************************************************************

पंचकूला में आज दो दिवसीय सर्व भारतीय महापौर परिषद सम्मेलन सम्पन्न हो गया। आज दूसरे दिन के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।इस अवसर पर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।सम्मेलन में स्वच्छता के लिए जन भागीदारी पर बल दिया गया। पहले दिन हरियाणा के सभी महापौर ने बैठक की, जिसमें महापौर की शक्तियां बढ़ाने और अधिकारियों से काम करवाने का ढिकर दिलाने पर चर्चा हुई। जिसे आज मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया।
राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से आए 45 से अधिक महापौर ने भाग लिया और शहरी शासन के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की।
**********************************************************************
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार सिंचाई एवं जल ढांचे को मजबूत करने के लिए दृढ़ एव ठोस कदम उठा रही है।उन्होंने आज सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक के बाद कहा कि सिंचाई और जल संसाधन विभाग के अंतर्गत पांच प्रमुख परियोजनाएं लागू हो रही हैं, जिनमें से प्रत्येक में 100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ाना, सिंचाई दक्षता में सुधार करना शामिल है।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि परियोजनाओं की इंजीनियरिंग ड्राइंग में अनावश्यक देरी न हो। इसके अलावा, उन्होंने परियोजनाओं में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार से समझौता नहीं किया जाएगा।
*******************************************************************
मौसम विभाग के चंडीगढ़ केंद्र ने हरियाणा और चंडीगढ़ में 20 जून तक 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से आंधी चलने की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि आज उत्तरी हरियाणा में कहीं कहीं भारी वर्षा, कल व परसों प्रदेश के कुछेक स्थानों पर और उसके बाद कई जगह हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।मौसम विभाग ने 21 और 22 जून को 30

से 40 किलोमीटर की रफ्तार से आंधी चलने और कहीं कहीं भारी वर्षा होने का अनुमान भी लगाया है। विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।

**********************************************************************

भिवानी के कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. देवीलाल ने कहा है कि इस बार मानसून के एक सप्ताह पहले आने के आसार हैं और अच्छी बरसात होने की उम्मीद है।उन्होंने आकाशवाणी समाचार को बताया कि अगले तीन से चार दिन मौसम परिवर्तनशील रहेगा।

डॉ देवी लाल ने किसानों को सलाह दी कि वह वर्तमान परिवर्तनशील मौसम में बागवानी व नर्सरी के पौधों की शाम के समय ही सिंचाई करें। उन्होंने कहा कि भिवानी में नमी की कमी अब पूरी हो गई है।किसान कपास की निराई व गुड़ाई का कार्य कर सकते है।

**********************************************************************

अंबाला जिले में तेपला स्थित कृषि विज्ञान केंद्र, जिले के किसानों को धान की सीधी बुवाई को लेकर जागरूक कर रहा है।

केंद्र वरिष्ठ वैज्ञानिक डा उपासना ने बताया -

उन्होने यह भी बताया कि कृषि विभाग के पास डीएसआर मशीन भी उपलब्ध है। इसके लिए किसान केंद्र से संपर्क कर सकते है।

***********************************************************************